CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 336 | बिजौलिया - शुक्रवार, 19 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## साइबर ठगी पर सरकार का बड़ा अलर्ट: इंस्टेंट लोन ऐप और टास्क स्कैम से रहें सावधान

### निजी डेटा चोरी कर ब्लैकमेलिंग और वसूली का खतरा, संदिग्ध मामले में तुरंत 1930 पर करें शिकायत

**भीलवाड़ा फोकस @जयपुर।**

डिजिटल दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के बीच राज्य सरकार ने आमजन को सतर्क करते हुए दो महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की हैं। सरकार ने अवैध इंस्टेंट लोन ऐप्स और ऑनलाइन टास्क स्कैम को आम लोगों के लिए बड़ा खतरा बताते हुए नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया है।

सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार अनधिकृत इंस्टेंट लोन ऐप्स लोगों को बिना गारंटी और तत्काल ऋण उपलब्ध कराने का लालच देते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति ऐसे ऐप डाउनलोड करता है, साइबर ठग मोबाइल फोन की संपर्क सूची, फोटो, दस्तावेज और अन्य निजी जानकारियों तक पहुंच बना लेते हैं। इसके बाद अत्यधिक ब्याज वसूली, धमकी, ब्लैकमेलिंग और मॉर्फ्ड तस्वीरों के जरिए मानसिक प्रताड़ना जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिक केवल अधिकृत और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म से ही वित्तीय एप्लिकेशन डाउनलोड करें तथा किसी भी ऐप को अनावश्यक अनुमति देने से बचें।

**पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर भी हो रही ठगी**

गृह विभाग की दूसरी एडवाइजरी में ऑनलाइन 'टास्क स्कैम' को लेकर चेतावनी दी गई है। साइबर अपराधी प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि बनकर लोगों को घर बैठे आसान कार्यों के बदले आकर्षक आय का लालच देते हैं। शुरुआत में छोटे भुगतान कर भरोसा जीतने के बाद बड़ी रकम निवेश कराने का दबाव बनाया जाता है और अंततः लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।




सरकार ने आमजन को सलाह दी है कि किसी भी ऑनलाइन नौकरी, निवेश या कमाई के प्रस्ताव को स्वीकार करने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल करें और अज्ञात व्यक्तियों या संस्थाओं को धनराशि हस्तांतरित न करें।

**तुरंत करें शिकायत**

राज्य सरकार ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल ब्लैकमेलिंग या जबरन वसूली जैसी किसी भी घटना की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही संबंधित बैंक अथवा वित्तीय संस्था को तत्काल सूचना देकर खाते और लेन-देन की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

सरकार का कहना है कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। नागरिक जितने सतर्क रहेंगे, साइबर ठगों के मंसूबे उतने ही विफल होंगे।

## उमंग-7 अभियान के तहत दो बाल श्रमिक मुक्त, बाल कल्याण समिति के समक्ष किया प्रस्तुत



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान पुलिस द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे उमंग-7 अभियान के तहत गुरुवार को शहर स्थित महारानी कॉम्प्लेक्स में संचालित मेवाड़ी चाय प्रतिष्ठान पर कार्रवाई करते हुए दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

कार्रवाई के दौरान मुक्त कराए गए दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के निर्देश पर बच्चों को अस्थायी आश्रय एवं देखरेख के लिए एवरेस्ट शेल्टर होम में भेजा गया।

अभियान के तहत मानव तस्करी विरोधी इकाई के मुकेश कुमार पारीक, ईश्वर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक किशन सिंह तथा पुलिस दल ने कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशन में चाइल्ड लाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया एवं सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर ने भी अभियान में सहयोग किया।

## बिना ब्याज लोन दिलाने का झांसा, 12 लाख के सोने के जेवर हड़पने का आरोप

### पुलिस कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता पहुंची एसपी कार्यालय, आरोपियों पर धोखाधड़ी व धमकाने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(पुनित चपलोत)**।बिना ब्याज के रुपये दिलाने का झांसा देकर करीब 12 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि भरोसा जीतकर उसके 75 ग्राम सोने के गहने ले लिए गए और बाद में उन्हें लौटाने के बदले भारी ब्याज व पेनल्टी की मांग की जाने लगी। प्रतापनगर थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने जिला पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मूल रूप से महाराष्ट्र के डोंबिवली निवासी एवं वर्तमान में चित्तौड़गढ़ के प्रतापनगर क्षेत्र में रहने वाली धनश्री संदीप अल्वेकर ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पहचान भीलवाड़ा निवासी




एक महिला और उसके परिचित से हुई थी। सितंबर 2025 में व्यापार के लिए धन की आवश्यकता होने पर उसने अपने सोने के जेवर गिरवी रखकर ऋण दिलाने का अनुरोध किया। आरोप है कि दोनों ने बिना ब्याज रुपये दिलाने का भरोसा दिलाया और उसके 75 ग्राम सोने के जेवर अपने कब्जे में ले लिए। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे करीब 3.70 लाख रुपये किस्तों में उपलब्ध कराए, जबकि उसके सोने के जेवरों की कीमत 10 से 12 लाख रुपये के बीच थी। जनवरी 2026 में रकम लौटाने के बाद जब उसने अपने गहने वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे। बाद में उन्होंने ब्याज और पेनल्टी की अतिरिक्त राशि जमा कराने की शर्त रख दी।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि गहने वापस मांगने पर आरोपियों ने अभद्र व्यवहार किया और कथित रूप से धमकियां भी दीं। पीड़िता का कहना है कि उसके साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये के आभूषण हड़प लिए गए हैं।

पीड़िता ने बताया कि उसने 2 जून को प्रतापनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर उसने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, सोने के जेवर बरामद कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## प्रभारी सचिव मंजू राजपाल ने सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

### पात्र लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे, निर्माण स्वीकृति पत्र एवं निक्षय पोषण किट





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं जिला प्रभारी मंजू राजपाल तथा जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने गुरुवार को गुलाबपुरा उपखंड क्षेत्र में आयोजित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने गुलाबपुरा नगरपालिका क्षेत्र में आयोजित शहरी सेवा शिविर एवं ग्राम गागेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान राजपाल ने पात्र लाभार्थियों को पट्टे, एनओसी एवं भवन निर्माण स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही सौर ऊर्जा योजना के लाभार्थियों को इंडक्शन चूल्हे तथा क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत निक्षय पोषण किट भी प्रदान कीं। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने बरसाती पानी की निकासी, नाला निर्माण एवं अन्य स्थानीय समस्याएं प्रभारी सचिव के समक्ष रखीं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह, तहसीलदार रविंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी तेजभान मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार से टक्कर मार 50 हजार की लूट, रायला पुलिस ने 6 घंटे में किया खुलासा,तीन बदमाश गिरफ्तार,नगदी बरामद,कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(पुनित चपलोत)**। कुंडिया-विजयपुरा रोड पर बाइक सवार युवक को कार से टक्कर मारकर 50 हजार रुपए से भरा बैग लूटने की वारदात का रायला पुलिस ने महज छह घंटे में पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लूटी गई पूरी नकदी बरामद कर वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार 17 जून की शाम विजयपुरा निवासी मुस्ताक अली सोलर कनेक्शन का कार्य पूरा कर बाइक से घर लौट रहे थे। कुंडिया कला के निकट पीछे से आई एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही कार में सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट कर बैग छीन लिया और फरार हो गए। बैग में 50 हजार रुपए नकद तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे।



घटना की सूचना मिलते ही रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। जिलेभर में नाकाबंदी करवाई गई तथा तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात के छह घंटे के भीतर ही तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में सुनील पुत्र विजय गोड (24) निवासी पटेल नगर सेक्टर-11 भीलवाड़ा, चांदमल जाट पुत्र बंशीलाल (20) निवासी भागा का खेड़ा थाना मंगरोप तथा राहुल भांभी पुत्र महावीर (23) निवासी नांदसी जिला अजमेर हाल निवासी आजाद नगर भीलवाड़ा को डिटेन कर पूछताछ की गई जिसमें आरोपियों ने लूट करना स्वीकार किया,फिर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने दिन में ही पीड़ित की रेकी



कर ली थी। सुनसान स्थान पर मौका देखकर कार से टक्कर मारकर उसे गिराया गया और फिर मारपीट कर बैग लूट लिया गया।

एसपी सागर राणा के निर्देशन तथा एएसपी राजेश आर्य और सीओ सतीश मीणा के सुपरविजन में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 50 हजार रुपए नकद बरामद कर लिए। साथ ही वारदात में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया।

पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और उनके आपराधिक रिकॉर्ड के साथ अन्य वारदातों में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

CMYK

# ग्रामीण सेवा शिविर में सुधरी पहचान, नाम संशोधन होते ही खिला ग्रामीण का चेहरा

## रीठ में मौके पर निस्तारित हुए वर्षों पुराने प्रकरण, ग्रामीणों ने जताया संतोष

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**दिनेश पारीक** । ग्राम पंचायत रीठ में गुरुवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और खुशियां लेकर आया। शिविर में राजस्व एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़े कई लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली।

शिविर के दौरान एक दिलचस्प मामला सामने आया, जहां राजस्व अभिलेखों में एक ग्रामीण का नाम वास्तविक नाम से अलग दर्ज होने के कारण उसे लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। संबंधित व्यक्ति ने नाम संशोधन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन किया गया। वर्षों पुरानी त्रुटि दूर होने पर ग्रामीण ने खुशी जताते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

पंचायत समिति सदस्य एवं प्रशासक प्रतिनिधि बनवारी शर्मा ने बताया कि शिविर में नाम संशोधन, रिकॉर्ड दुरुस्ती, प्रमाण पत्र जारी करने, भूमि संबंधी प्रकरणों तथा अन्य जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया गया। कई ऐसे मामले भी निस्तारित किए गए जो लंबे समय से लंबित चल रहे थे।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया।

# सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए मंत्रालयिक कर्मचारियों ने किया यज्ञ



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक** । पंचायत समिति कोटड़ी में गुरुवार को पंचायत राज मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में सरकार को सद्बुद्धि देने के उद्देश्य से विशेष यज्ञ का आयोजन किया। कर्मचारियों ने कहा कि वे पिछले एक माह से विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं तथा ब्लॉक एवं जिला स्तर पर लगातार ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।कर्मचारियों ने बताया कि उनकी मांगों के समाधान को लेकर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसके विरोध में 12 जून से 16 जून तक आधे दिन की पेन डाउन हड़ताल की गई थी। साथ ही मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण सेवा शिविरों का भी बहिष्कार किया जा रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसके तहत 1 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। वहीं 7 जुलाई को जयपुर स्थित जलमहल में जल समाधि आंदोलन करने का भी ऐलान किया गया है। कर्मचारियों ने सरकार से मंत्रालयिक संवर्ग की वर्षों से लंबित मांगों का शीघ्र समाधान कर कर्मचारियों को राहत प्रदान करने की मांग की। यज्ञ कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश कुमार पारीक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सत्यनारायण गुर्जर, भेरूलाल पाराशर, मुकेश मीणा, भोलूराम उपाध्याय, मुकेश खटीक, सजना लोढ़ा, संजू काबरा, महावीर सुधार, बाबू सवालका, हरिलाल जाट, लोकेंद्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कम तेल की थाली, स्वस्थ भारत की खुशहाली' का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**



**राजेंद्र बबलू पोखरना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा मंडल कोटड़ी द्वारा गुरुवार को जीरो ऑयल कुकिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को कम तेल अथवा बिना तेल के बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने कहा कि अत्यधिक तेल का सेवन मोटापा, हृदय रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। ऐसे में जीरो ऑयल कुकिंग जैसी पहल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि स्वस्थ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने महिलाओं से परिवारों में पौष्टिक एवं संतुलित आहार को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान जीरो ऑयल कुकिंग से तैयार विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। प्रहलाद सेन ने व्यंजनों का स्वाद चखकर उनकी सराहना की और कहा कि स्वाद के साथ स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर भाजपा नेता धर्मचंद जीनगर, मन की बात संयोजक अनिल तिवाड़ी, लक्ष्मीलाल जीनगर, राघव आचार्य, अमित चेचानी, अनिल भांभी सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला मंडल की संयोजक मधुबाला भांभी, सह संयोजक उर्मिला डीडवानिया, सरिता कंवर, मधु भांभी, गीता, ममता, निकिता, खुशबू, माया, बीना, चांदी, पूजा, अनीता, नीतू, लाड़, शेफाली, रुक्मणी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए कम तेल एवं पौष्टिक भोजन अपनाने का संकल्प लिया।

# सच्चे सद्गुरु की शरण से जीवन का कल्याण संभव : जीत सिंह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में बुधवार रात गायत्री नगर स्थित कम्युनिटी हॉल में विशाल संत समागम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उदयपुर मुखी जीत सिंह की उपस्थिति रही।

समागम को संबोधित करते हुए जीत सिंह ने कहा कि सच्चे सद्गुरु की शरण प्राप्त होने पर जीवन का कल्याण संभव है। सद्गुरु ही मानव को निरंकार प्रभु के साक्षात्कार कराकर जीवन को सार्थक बनाते हैं। उन्होंने सत्संग, सेवा और सिमरन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया।

भीलवाड़ा मुखी ग्यारसीलाल ने कहा कि सांसारिक शिक्षा व्यक्ति को ऊंचे पद तक पहुंचा सकती है, लेकिन उस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान आवश्यक है। समागम में जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में भजन, काव्यपाठ एवं आध्यात्मिक विचारों की प्रस्तुतियां दी गईं। संत निर्मल शर्मा की रचना 'मेरा सतगुरु जैसा नाहीं, देख लिया जग सारा' ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। संचालन संत ओम मेहरा ने किया।

मीडिया प्रभारी लादूलाल ने बताया कि 20 जून को सिद्धिविनायक रोड स्थित अहिंसा सर्किल के पास विशाल सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

# शहरी सेवा शिविर में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**



नगरपालिका परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में गुरुवार को विधायक गोपाल खंडेलवाल ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं से संबंधित दस्तावेज वितरित किए। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर शिविर को सफल बनाएं और लोगों को अधिकतम राहत पहुंचाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगरपालिका अधिशासी अधिकारी देवीसिंह राठौड़ ने बताया कि गुरुवार को आयोजित शिविर में 11 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए, 5 पेंशन सत्यापन, 1 विभाजन त्रुटि सुधार, 5 पट्टा पत्रावलियों सहित 15 अन्य प्रकरणों का निस्तारण कर नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अनिता सुराणा, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, भाजपा युवा मोर्चा के मुकेश व्यास, पूर्व पार्षद लादूलाल खटीक, नीलकमल पटवा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रुत पंचमी महोत्सव में गूंजा जिनवाणी महिमा का संदेश, षट्खण्डागम मण्डल विधान संपन्न

## श्री सीमंधर जिनालय में पंचदिवसीय महापर्व के तहत धार्मिक आयोजन, आज निकलेगा शोभायात्रा जुलूस

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



श्री सीमंधर जिनालय में आयोजित पंचदिवसीय श्रुत पंचमी महापर्व एवं मण्डल विधान के तहत गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में श्री षट्खण्डागम मण्डल विधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पं. देवेंद्र कुमार के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

महापर्व के दौरान जिनेन्द्र अभिषेक, पूजन, सीडी प्रवचन श्रवण, धर्मसभा, कक्षाएं एवं आध्यात्मिक भजन संध्या का आयोजन हुआ। दोपहर में आयोजित श्री षट्खण्डागम मण्डल विधान में जीव स्थान, महाबंध, खुद्दा बंध, वर्गणा, वेदना एवं बंध स्वामित्व जैसे गूढ़ जैन सिद्धांतों का विस्तार से वर्णन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर आत्मकल्याण एवं धर्म प्रभावना का संकल्प लिया।

आयोजन में धनोप्या परिवार सहित विभिन्न धर्मप्रेमियों का विशेष सहयोग रहा। वहीं तलोद के शैलेश भाई, मंगलायतन के अशोक लुहाड़िया, जैवर के संजय कुमार, भोपाल के सुनील एवं अनिल धवल, उज्जैन के प्रणव जैन तथा भोपाल के समर्थ जी ने विधानकर्ता एवं सहयोगी के रूप में सहभागिता निभाई।

आयोजकों ने बताया कि महापर्व के क्रम में शुक्रवार को नगर में भव्य धार्मिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर जिनवाणी की महिमा का संदेश देंगे।

# स्वच्छता अभियान की समस्याओं को लेकर ग्राम विकास अधिकारियों ने उठाई आवाज

## कार्रवाई पर रोक व संसाधन उपलब्ध कराने की मांग, सरकार को भेजा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ ने प्रदेशभर में संचालित सम्पूर्ण एवं निरंतर स्वच्छता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं को लेकर पंचायतीराज मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर समाधान की मांग की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि समस्याओं के निराकरण तक ग्राम विकास अधिकारियों के विरुद्ध की जा रही दंडात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाईयों पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन में बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर कचरा संग्रहण, नालियों एवं सड़कों की सफाई जैसे कार्य प्रत्येक ग्राम पंचायत की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार अलग-अलग परिस्थितियों में किए जाते हैं। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान स्थानीय परिस्थितियों की अनदेखी कर ग्राम विकास अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। संघ ने निविदा प्रक्रिया में भी सुधार की आवश्यकता जताई है। उनका कहना है कि कई क्षेत्रों में एक ही फर्म द्वारा अनेक ग्राम पंचायतों के ठेके लिए जाने से संसाधनों और कार्मिकों की कमी उत्पन्न हो रही है, लेकिन इसकी जवाबदेही भी ग्राम विकास अधिकारियों पर ही डाली जा रही है। ज्ञापन में प्रदेशभर में एक समान बीएसआर दर लागू होने को भी अव्यावहारिक बताया गया है। अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सफाई कार्यों की लागत अलग-अलग होती है, जबकि बीएसआर दरों के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश भी अब तक जारी नहीं किए गए हैं।

संघ ने वित्तीय संसाधनों की कमी को भी गंभीर समस्या बताया। उनका कहना है कि छठे एवं सातवें वित्त आयोग की बड़ी राशि अभी तक ग्राम पंचायतों को प्राप्त नहीं हुई है, जबकि उपलब्ध बजट विभिन्न शिविरों और सरकारी अभियानों में खर्च हो चुका है। ऐसे में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखना कठिन हो गया है।


इसके अलावा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर वार्षिक कार्ययोजना स्वीकृत नहीं होने के कारण कई पंचायतें सफाई कार्यों से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृतियां भी जारी नहीं कर पा रही हैं।

ग्राम विकास अधिकारी संघ ने सरकार से स्वच्छता कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने, प्रक्रियागत एवं तकनीकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा ग्राम विकास अधिकारियों के विरुद्ध की जा रही अनुशासनात्मक कार्रवाईयों पर रोक लगाने की मांग की है।

# भक्ति रस में सराबोर हुई ध्वजा महोत्सव की पूर्व संध्या, प्रभु भक्ति में झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 16वें वार्षिक ध्वजा एवं मंदिर वर्षगांठ महोत्सव का शुभारंभ भव्य भक्ति संध्या के साथ हुआ। मेवाड़ देशोद्धारक आचार्य जितेन्द्र सूरिश्वर म.सा. के शिष्यरत्न आचार्य निपूणरत्न विजय सूरिश्वर म.सा. एवं पूज्य राजरत्न विजय म.सा. की प्रेरणा और आशीर्वाद में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मंदिर में सायंकालीन आरती के पश्चात तीर्थंकर संभवनाथ भगवान, विमलनाथ भगवान एवं नाकोड़ा भैरव देव की भव्य अंगरचना के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद आयोजित भक्ति संध्या में नीमच के प्रसिद्ध जैन संगीतकार महावीर जैन एंड ग्रुप तथा भीलवाड़ा के भजन गायक गोविन्द गुरावा ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

गोविन्द गुरावा ने नवकार मंत्र वंदना से शुरुआत करते हुए कई लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं महावीर जैन ने 'दुनिया में देव अनेकों हैं, तीर्थंकर प्रभु का क्या कहना ', 'विश्वास कर दादा पे ', 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे' सहित अनेक भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में झूमने पर मजबूर कर दिया। सहगायक विष्णु वैष्णव एवं कुलदीप गुगलिया ने भी कार्यक्रम को यादगार बनाया।

**आकर्षण का केंद्र रही भव्य अंगरचना**

मंदिर परिसर में घी के दीपकों से की गई मनोहारी सजावट एवं तीर्थंकर परमात्मा की आकर्षक अंगरचना श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अंगरचना निर्माण में दिनेश गोलेछा, संजय लोढ़ा, श्रेयांश गुगलिया, गार्गी खाब्या, लक्की खाब्या, सिदिक्षा खाब्या एवं यशस्वी खाब्या का विशेष सहयोग रहा।

मंदिर समिति अध्यक्ष मनीष बापना एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बलवंत मेहता, गुणवंत जैन, राजमल सिंदुरिया, संदीप खमेसरा, लविश करणपुरिया, अनिल विश्लोत, मनोज महात्मा, मनोज डोशी, संजय सिंघवी, पंकज लोढ़ा, दिलीप जैन, नीलेश भंडारी सहित अनेक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

**आज निकलेगा वरघोड़ा, चढ़ेगी वार्षिक ध्वजा**

मंदिर समिति मंत्री दिनेश गोलेछा ने बताया कि शुक्रवार को 16वां वार्षिक ध्वजा एवं मंदिर वर्षगांठ महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 6:30 बजे लाभार्थी बापना परिवार के निवास से भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा।

इसके बाद स्नात्र पूजा, ध्वजा महोत्सव एवं वार्षिक चढ़ावा कार्यक्रम आयोजित होंगे। ध्वजा लाभ धर्मनिष्ठ प्रभादेवी, मनीष-ममता, प्रणय एवं प्रियांश बापना परिवार द्वारा लिया जाएगा।



QUICK BITES

## गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर सिंधी समाज ने दिखाई सेवा-श्रद्धा, 11 दिनों तक गूंजा सुखमणि साहिब का पाठ, भोग पर संगत ने बांटी ठंडाई

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



मूलचन्द पेसवानी

सिंधी समाज द्वारा पांचवें सिख गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। शाहपुरा की सिंधी संगत ने सामूहिक रूप से 11 दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर गुरु साहिब के आदर्शों को स्मरण किया। इस दौरान सुखमणि साहिब, जपजी साहिब और चैपाई साहिब के नियमित पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या, सहनशीलता और मानवता के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर भी है। सिंधी संगत ने इसी भावना के साथ श्रद्धा और अनुशासनपूर्वक 11 दिवसीय पाठ का आयोजन किया, जिसमें समाज के महिला-पुरुष, युवा और वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इन 11 दिनों तक सुबह-शाम गुरबाणी की मधुर स्वर लहरियां गूंजती रहीं। संगत ने एक स्वर में अरदास कर समाज, शहर और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह आज भी पूरी मानवता को अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देता है।

रामशाला भवन के सामने गुरुवार को भोग के अवसर पर धार्मिक आयोजन का समापन विशेष श्रद्धा के साथ हुआ। भोग पश्चात सिंधी संगत द्वारा रामशाला भवन के सामने राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को ठंडाई (मिल्क रोज) वितरित की गई। भीषण गर्मी के बीच ठंडी ठंडाई पाकर लोगों ने राहत महसूस की और संगत की सेवा भावना की सराहना की। इस मौके पर लीलाराम वासवानी, हरिश मतलानी, जगदीश आसवानी मौजूद रहे।

## दानपात्र तोड़कर नकदी ले उड़े चोर, ग्रामीणों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



**जसवंत पारीक।** क्षेत्र के गेगा का खेड़ा गांव में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने गांव स्थित आकोला मार्ग पर बने भेरूनाथ स्थानक को निशाना बनाते हुए वहां रखा दानपात्र तोड़ दिया और उसमें रखी नकदी चुरा ले गए।

ग्रामीण मनोज कुमार बेरवा ने बताया कि सुबह श्रद्धालु जब भेरूनाथ स्थानक पहुंचे तो दानपात्र टूटा हुआ मिला तथा उसमें रखी नकदी गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। घटना को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा चोरों की तलाश की जा रही है।

## सावर शहरी सेवा शिविर में जन्म व विवाह प्रमाण पत्रों का हुआ त्वरित निस्तारण, लाभार्थियों ने जताया आभार

भीलवाड़ा फोकस @ सावर।



दिलखुश

राजस्थान सरकार एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग (स्वायत्त शासन) के निर्देशानुसार संचालित शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत गुरुवार को नगर पालिका सावर कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन को विभिन्न नगरीय सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर पालिका सावर में आयोजित शिविर के दौरान नागरिकों के आवेदनों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में 4 जन्म प्रमाण पत्र एवं 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी कर संबंधित आवेदकों को लाभान्वित किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने राज्य सरकार एवं नगर पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मीणा के निर्देशन में आयोजित शिविर में आमजन को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि शहरी सेवा शिविर का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें। शिविर में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आमजन को राहत मिलती है तथा आवश्यक दस्तावेज आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। नगर पालिका प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर विभिन्न नगरीय सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर आयोजन 20 जून को

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर 20 जून शनिवार को प्रातः 7 बजे योग का विशिष्ट कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। जिसमें शहर में निवासरत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के भाजपा कार्यकर्ताओं से 21 जून, रविवार को स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर जिले भर में आयोजित होने वाले प्रशासनिक योग दिवस कार्यक्रमों में अपने अपने क्षेत्र में सहभागिता दर्ज कराने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत की प्राचीन परंपरा को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले योग के जरिए संतुलित जीवनशैली के साथ स्वस्थ भारत के निर्माण के विजन को पूर्ण करने में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपना योगदान अवश्य दे।

# श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव, रासलीला, उद्धव प्रसंग एवं कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण वर्णन

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की मनोहारी झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा मंदिर में श्री चारभुजा मंदिर सेवा समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित 26वें पाटोत्सव महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शक्ति देव महाराज ने श्रद्धालुओं को रासलीला, उद्धव प्रसंग, कंस मर्दन एवं भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की मनोहारी कथाओं का रसपान कराया।

मंगलाचरण के साथ कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन प्रेम, भक्ति, करुणा एवं धर्म की स्थापना का दिव्य संदेश देता है। उन्होंने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि जब इंद्रदेव ने अपने अहंकारवश ब्रज में प्रचंड वर्षा की, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका अंगुली पर गिरिराज पर्वत धारण कर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। यह प्रसंग सिखाता है कि जिनके हृदय में भगवान का वास होता है, वे हर परिस्थिति में सुरक्षित और शांत रहते हैं।

इस अवसर पर आचार्य श्री ने भजन 'करते हो तुम कन्हैया, मेरा नाम हो रहा है, मेरी आपकी कृपा से सब काम हो रहा है...' प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे।

रासलीला प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह लौकिक प्रेम नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के मिलन का आध्यात्मिक प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण ने रास के माध्यम से निष्काम प्रेम, पूर्ण समर्पण और भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने गुरु की महिमा बताते हुए पुरोहित गुरु, शिक्षा गुरु एवं दीक्षा गुरु का महत्व समझाया तथा कहा कि जीवन में योग्य गुरु का चयन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'गुरु बनाए जान के, पानी पीए छान के। '

आचार्य श्री ने गोपियों की अनन्य भक्ति का वर्णन करते हुए गोपी गीत की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि गोपी वह है जिसका मन हर समय भगवान में लगा रहता है। गोपियों का प्रेम निस्वार्थ, निष्कपट और पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। इस दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करने लगे। कथा में कंस मर्दन प्रसंग का भी वर्णन किया गया। आचार्य श्री ने बताया कि अक्रूर जी के साथ भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम मथुरा पहुंचे और वहां कंस का वध कर धर्म की पुनर्स्थापना की। माता यशोदा के वात्सल्य का वर्णन करते हुए 'इस गोकुल नगरी को छोड़ मथुरा जाकर खुश रहना मेरे लाल...' भजन प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया।

उद्धव प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि ज्ञान और तर्क से कहीं श्रेष्ठ भक्ति है। जब भगवान श्रीकृष्ण ने उद्धव को ब्रज भेजा, तब गोपियों की अनन्य प्रेममयी भक्ति देखकर उद्धव स्वयं भाव-विभोर हो गए और उन्हें भक्ति की वास्तविक महिमा का बोध हुआ।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भी अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया गया। आचार्य श्री ने कहा कि रुक्मिणी जी की अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान स्वयं उन्हें वरण करने पहुंचे। यह प्रसंग भक्त और भगवान के अटूट संबंध का अनुपम उदाहरण है।

महिला मंडल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में श्री कृष्ण और रुक्मिणी का अभिनय शुभम और ज्योति मूंदड़ा ने किया। महिला मंडल की सदस्यायों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी जी का पूजन किया। विवाहोत्सव के दौरान पूरा पंडाल भक्ति गीतों और जयकारों से गुंजायमान हो उठा तथा श्रद्धालु नृत्य करते हुए उत्सव में शामिल हुए।

अंत में 'मुरली वाले सांवरा...' भजन पर फूलों की होली खेली गई। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।प्रसाद का लाभ प्रकाश चंद्र ,प्रसून काबरा परिवार ने लिया । बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

मंत्री अरविंद जैन ने बताया कि कथा उपरान्त श्री चारभुजा मंदिर के पुजारी पन्डित गजानंद शर्मा एवं नर्बदा देवी शर्मा का सम्मान श्री चारभुजा सेवा समिति के रमेश काबरा , सुन्दर लाल तुरकिया एवं श्रीराम निवास डाड तथा ललिता समदानी , गरिमा मालीवाल एवं कोशल्या डाड के साथ ही रूणवाल परिवार के पवन, पंकज एवं वैभव रुणवाल द्वारा माला ड्रेस साड़ी एवं ऊपरणा द्वारा किया गया ।

समिति के अध्यक्ष जगदीश देवपुरा ने बताया कि महोत्सव की सफलता में रमेश चंद काबरा, कैलाश पोखरा, रामनिवास डाड, सत्यनारायण टेलर, दिनेश मालीवाल, जगदीश समदानी, रामराय गट्टानी, मदन गट्टानी, चंद्रेश असावा, आशीष गंदोडिया , ओम प्रकाश गंदोडिया, गिरीश तोषनीवाल विनोद गंदोड़िया, अर्पित मंत्री, प्रकाश देवपुरा, महेश सोमानी, रमेश वर्मा, पवन रुनवाल, सतीश शर्मा, ओम खंडेलवाल, अक्षत भदादा , रतन खारीवाल, मदन गट्टानी , कैलाश समदानी, राजेंद्र बोलिया, अर्पित जैन, ओमप्रकाश गट्टानी, देवकीनंदन पालीवाल, गोपीकिशन मंत्री, श्यामलाल डाड, रामपाल मंत्री, राम प्रकाश डाड ,श्याम गट्टाणी, बंशीलाल माली, शांतिलाल माली , मनोज पीला, विनोद कोगटा, नंदकिशोर शर्मा, रामनारायण बांगड़, राजेश अजमेरा, नाथू लाल शर्मा, विकास धूपिया, देवकीनंदन पालीवाल, विनोद प्रकाश अजमेरा, महेश सोमानी, राजकुमार सोमानी, राजेश कोगटा, महेश लढा , गोविंद गंदोडिया शिव गंदौड़िया, अरविंद पाराशर ,योगेश लड्डा, एवं विनोद पाराशर जुटे हुए है।

# शाहपुरा में मांगों की अनदेखी पर भड़के कर्मचारी, सद्बुद्धि यज्ञ से जताया रोष

## 'पंचायतीराज विभागे स्वाहा' के मंत्रों संग दी आहुतियां, न्यायोचित मांगों पर सरकार से मांगा निर्णय

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचन्द पेसवानी

पंचायत समिति शाहपुरा गुरुवार को उस समय अनोखे विरोध प्रदर्शन का साक्षी बना, जब पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में पारंपरिक और प्रतीकात्मक अंदाज में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। यज्ञ कुंड में आहुतियों के साथ गूंजते 'पंचायतीराज विभागे स्वाहा' के मंत्रों ने कर्मचारियों के भीतर पउउमत कर रहे आक्रोश को मुखर रूप से सामने ला दिया। यह प्रदर्शन केवल विरोध नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन को चेताने वाला संदेश भी बन गया कि अब कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा अधिक दिनों तक नहीं ली जा सकती।

प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत आयोजित इस आंदोलन में पंचायत समिति शाहपुरा के साथ-साथ क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगें वर्षों से लंबित हैं और बार-बार ज्ञापन, वार्ता एवं निवेदन के बावजूद समाधान नहीं निकलने से अब आंदोलन का रास्ता अपनाना मजबूरी बन गया है।

गुरुवार सुबह पंचायत समिति कार्यालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सूर्यप्रकाश शर्मा की अगुवाई में सद्बुद्धि यज्ञ शुरू हुआ। मंत्रोच्चार और वैदिक रीति से संपन्न इस आयोजन में कर्मचारियों ने आहुतियां देकर सरकार से सद्बुद्धि आने की कामना की, ताकि कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जा सके।

कर्मचारियों ने बताया कि 1 जून से पंचायतीराज विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों का राज्यव्यापी आंदोलन लगातार जारी है। यह आंदोलन अब अपने छठे चरण में पहुंच चुका है और हर चरण के साथ आंदोलन का स्वर अधिक मुखर और व्यापक होता जा रहा है। शाहपुरा में आयोजित यह सद्बुद्धि यज्ञ आंदोलन की उसी श्रृंखला का हिस्सा रहा, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया।

आंदोलित कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में स्वतंत्र कार्य विभाजन, कैडर रिव्यू, नोशनल परिलाभ, अंतर जिला स्थानांतरण, हार्ड ड्यूटी एलाउंस और अतिरिक्त पंचायत भत्ता शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा कार्य व्यवस्था में मंत्रालयिक कर्मचारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि सुविधाएं और पदोन्नति संबंधी व्यवस्थाएं वर्षों से ठहरी हुई हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ माने जाने वाले मंत्रालयिक स्टाफ की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही। पंचायत स्तर पर योजनाओं के संचालन, रिकॉर्ड प्रबंधन, प्रशासनिक समन्वय और जनहित कार्यों का बड़ा दायित्व इन्हीं कर्मचारियों पर होता है, लेकिन सुविधाओं और सेवा शर्तों के मामले में लगातार उपेक्षा झेलनी पड़ रही है।

सद्बुद्धि यज्ञ में शामिल कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि सरकार को अब कर्मचारियों की आवाज सुननी ही होगी। शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुआ यह आंदोलन आवश्यकता पड़ने पर व्यापक जनआंदोलन का रूप भी ले सकता है।

इस दौरान काली मीणा, मांगी धाकड़, सीमा सेन, मीना माली, रेखा खंडेलवाल, खुशबू राठी, महावीर सेन, मुकेश धाकड़, सुखदेव बैरवा और शांति लाल कोली सहित अनेक कर्मचारियों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पंचायत समिति शाहपुरा के सभी ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समिति कार्यालय के कार्मिक इस सामूहिक सद्बुद्धि यज्ञ में शामिल रहे। यह सहभागिता कर्मचारियों की एकता और साझा संघर्ष का स्पष्ट संकेत है।

यज्ञ स्थल पर मौजूद कर्मचारियों के चेहरों पर संयम जरूर था, लेकिन भीतर का असंतोष साफ झलक रहा था। हर आहुति के साथ कर्मचारियों की यही पुकार थी कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान निकाले और मंत्रालयिक कर्मचारियों के साथ न्याय करे।

शाहपुरा में हुआ यह सद्बुद्धि यज्ञ अब एक प्रतीक बन गया हैकृऐसा प्रतीक, जो बता रहा है कि जब मांगों पर संवाद बंद हो जाए, तब विरोध नए रूप तलाश लेता है। पंचायतीराज कर्मचारियों का यह अनूठा आंदोलन प्रशासन और सरकार दोनों के लिए स्पष्ट संदेश है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस निर्णय की अपेक्षा है। पंचायत समिति शाहपुरा से उठी यह आवाज आने वाले दिनों में प्रदेशभर के आंदोलन को नई धार दे सकती है।

# गिरवरपुरा में ग्रामीण सेवा शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश )**उपखंड मुख्यालय सावर की ग्राम पंचायत गिरवरपुरा में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाकर आमजन को लाभान्वित करना रहा।

शिविर में शिविर प्रभारी मोनिका जाखड़, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, विकास अधिकारी संगीता व्यास, अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, सत्यनारायण बैरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मीणा, कनिष्ठ सहायक विनय जोशी, दयाराम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 22 विभागों ने भागीदारी निभाते हुए अपनी योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।शिविर के दौरान 15 पट्टों का वितरण किया गया तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 11 व्यक्तिगत शौचालयों की स्वीकृति जारी की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाभार्थियों को तृतीय किस्त तथा 1 लाभार्थी को द्वितीय किस्त का भुगतान स्थानांतरित किया गया। इसके अलावा 19 जन आधार संशोधन, पेंशन सत्यापन, महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, 28 मंगला पशु बीमा पॉलिसियां, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संबंधी कार्य भी किए गए।

चिकित्सा विभाग द्वारा 20 आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा 68 रोगियों का उपचार एवं परामर्श किया गया। कृषि विभाग ने 6 मूंग मिनी किट वितरित किए तथा 35 मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए। यूनानी चिकित्सा विभाग ने 24, आयुर्वेद विभाग ने 28 तथा होम्योपैथिक विभाग ने 29 रोगियों को चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएं प्रदान कीं।

इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा 4 लाभार्थियों को स्मार्ट कार्ड वितरित किए गए। राजस्व विभाग ने 7 खातों का शुद्धिकरण, 1 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरण का निस्तारण किया तथा जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र संबंधी कार्य भी संपादित किए गए। ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा एक ही स्थान पर सेवाएं उपलब्ध करवाए जाने से ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहितकारी पहल बताया।

# शाहपुरा में पेनोरमा निर्माण में सुस्ती भारी, धरोहर अध्यक्ष हुए नाराज

## कहा, मानकों पर नहीं होगा समझौता-अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

राजस्थान की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक धरोहरों को नई पहचान देने की दिशा में राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है, लेकिन शाहपुरा में निर्माणाधीन पेनोरमा परियोजनाओं की धीमी रफ्तार ने अब चिंता बढ़ा दी है।

बुधवार रात्रि शाहपुरा पहुंचे राजस्थान सरकार धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने निर्माणाधीन केसरी सिंह बारहठ पेनोरमा और रामस्नेही पेनोरमा का मौके पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में सुस्ती और गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए लखावत ने इंजीनियरों और ठेकेदारों को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान लखावत का रुख बेहद सख्त नजर आया। विशेष रूप से केसरी सिंह बारहठ पेनोरमा के कार्य की धीमी गति पर उन्होंने असंतोष जताया और ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कहा कि 'काम में तेजी लाओ, यह केवल निर्माण परियोजना नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति और बलिदान की स्मृति का केंद्र है।' उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।



लखावत ने भवन निर्माण में सूरसागर, जोधपुर के उच्च गुणवत्ता वाले पत्थर के उपयोग का निर्देश देते हुए कहा कि बाहरी सौंदर्य के साथ-साथ संरचना की मजबूती भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने फ्लोरिंग और सीलिंग कार्य को भी मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ करवाने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित तकनीकी मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पेनोरमा केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास का जीवंत दस्तावेज होता है। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

इसके बाद लखावत ने रामस्नेही पेनोरमा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विशेष रूप से मुख्य भवन की स्थिति का अवलोकन किया और बारिश के मौसम को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले मुख्य भवन को सुरक्षित स्तर तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वर्षा के कारण निर्माण कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने इंजीनियरों से कार्य की गति बढ़ाने और समयसीमा में परियोजना पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी एवं कैलाश सिंह जाड़ावत ने पेनोरमा परिसर में बेहतर गुणवत्ता वाले पौधारोपण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पेनोरमा परिसर केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे हरियाली और सौंदर्य से युक्त सांस्कृतिक परिसर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इस सुझाव पर लखावत ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए गुणवत्तापूर्ण पौधारोपण पर विचार करने का आश्वासन दिया।

निरीक्षण के बाद लखावत ने महाराणा प्रताप स्मारक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ ही नहीं, पूरे राष्ट्र के स्वाभिमान, शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक हैं। उनके आदर्श आज भी देश को प्रेरणा देते हैं।

लखावत ने बताया कि राज्य सरकार महाराणा प्रताप के शौर्य और गौरव को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विशेष सर्किट विकास योजना पर कार्य कर रही है, जिसके माध्यम से ऐतिहासिक स्थलों को जोड़कर पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को नई मजबूती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इतिहास को सहेजना केवल सरकार का कार्य नहीं बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रघुनंदन सोनी, कैलाश सिंह जाड़ावत, राजू सोलंकी, युवराज, पवन कुमार शर्मा, शहीद प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान के सदस्य रामप्रसाद सेन, ओम लुहार, कैलाश मेहडू, रघुवीर सिंह, जगदीश प्रसाद पारीक, ठेकेदार, श्रमिक एवं इंजीनियर राजावत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शाहपुरा में पेनोरमा निर्माण कार्य को लेकर लखावत की सख्ती ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि धरोहर परियोजनाओं में अब ढिलाई और लापरवाही नहीं चलेगी। प्रशासनिक सख्ती के बीच अब स्थानीय लोगों की नजर इस बात पर रहेगी कि चेतावनी के बाद निर्माण कार्य कितनी तेजी पकड़ता है। फिलहाल इतना तय है कि शाहपुरा की ऐतिहासिक पहचान को नया आयाम देने वाली ये परियोजनाएं अब प्रशासन की विशेष निगरानी में हैं।

# प्रबुद्धजनों से संवाद कर गिनाई केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।**

12 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' अभियान के तहत गुरुवार को भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल एवं सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया ने गुरला में प्रबुद्धजन संपर्क कार्यक्रम में भाग लेकर शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों से संवाद किया। कार्यक्रम कजोड़ीमल सेन के निवास पर आयोजित हुआ।

इस दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं विधायक लादूलाल पितलिया ने राजस्थान सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था, आधारभूत विकास, महिला सुरक्षा और किसान कल्याण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने विभिन्न सामाजिक एवं विकास संबंधी विषयों पर अपने



विचार भी साझा किए। जनप्रतिनिधियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए सुझावों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर कजोड़ीमल सेन, सूर्यप्रकाश पारीक, बालूराम दरोगा, प्रकाश दाधीच, शिवलाल माली, सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। वहीं कारोई मंडल अध्यक्ष शंभूलाल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य नंदलाल गुर्जर, देवालाल गुर्जर, सत्यनारायण सेन, नरपतसिंह तथा सेथुरिया सरपंच श्यामलाल गुर्जर सहित भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# खाद की कालाबाजारी रोकने व पर्याप्त उपलब्धता की मांग, किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

( **नरेश धाकड़** ) क्षेत्र में यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की कथित कालाबाजारी, मनमाने दामों पर बिक्री और खाद की कमी को लेकर ऊपरमाल किसान पंचायत एवं क्षेत्र के किसानों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन के दौरान उर्वरकों की मांग बढ़ने के बावजूद कई विक्रय केंद्रों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आरोप लगाया गया कि कुछ विक्रेता निर्धारित सरकारी दरों से अधिक कीमत वसूल रहे हैं तथा किसानों पर अन्य कृषि सामग्री खरीदने का दबाव भी बनाया जा रहा है, जिससे किसानों को



आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने कहा कि वर्तमान समय बुवाई और फसल प्रबंधन का महत्वपूर्ण दौर है। ऐसे में समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से फसलों की वृद्धि, उत्पादन क्षमता और किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कई केंद्रों पर मूल्य सूची और उपलब्ध स्टॉक का विवरण सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया जाता, जिससे किसानों को वास्तविक दरों की जानकारी नहीं मिल पाती।

ज्ञापन में प्रशासन से क्षेत्र में यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, खाद विक्रय केंद्रों की नियमित जांच कराने, कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। साथ ही किसानों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए हेल्पलाइन अथवा नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी आग्रह किया गया।

ऊपरमाल किसान पंचायत ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इसका असर क्षेत्र के कृषि उत्पादन पर पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कर निर्धारित सरकारी दरों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

# राजस्थान बेडमिन्टन संघ के चुनाव निर्विरोध हुए सम्पन्न, केन्द्रीय मंत्री शेखावत दुबारा अध्यक्ष

## केके शर्मा सचिव व जाकिर हुसैन बने कोषाध्यक्ष, 25 जिलों के पदाधिकारी रहे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान बेडमिन्टन संघ के चुनाव भीलवाडा शहर स्थित निजी होटल में सम्पन्न हुए जिसमें भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत दुबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। तथा इसी के साथ सचिव पद पर केके शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर जाकिर हुसैन निर्विरोध चुने गये। निर्वाचन अधिकारी लाजपत आचार्य ने बताया कि राजस्थान बेडमिन्टन संघ के चुनाव में दोपहर 12.00 बजे सभी पदों के लिये एक-एक आवेदन आने के कारण निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें भारत सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत दुबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। तथा इसी के साथ सचिव पद पर केके शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर जाकिर हुसैन निर्विरोध चुने गये। यह चुनाव भारतीय बेडमिन्टन संघ के संयुक्त सचिव एवं पूर्व नेषनल खिलाड़ी अनिल चोगले पर्यवेक्षक तथा जिला खेल अधिकारी हेमेन्द्रसिंह राणावत पर्यवेक्षक राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, राजस्थान ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक रतनलाल शर्मा की मौजूदगी में सम्पन्न हुये। सहायक निर्वाचन अधिकारी जगदीश शर्मा ने बताया कि चार वर्षीय चुनाव जनरल आमसभा में आयोजित हुऐ जिसमें उपाध्यक्ष कमल भंडारी, मनोज दासोत, राजेश गुप्ता, संजय फतेहपुरिया, नारायणदास पुरोहित, नरेन्द्र खिलेरी, संयुक्त सचिव रेणु लवानिया के साथ ही दिनेश दिनकर, चन्द्रेश शर्मा, गोविन्द स्वामी, मनीश कुमार, ममता आर्य एक्जूकेटिव सदस्य के रूप में निर्विरोध चुने गये। सचिव केके शर्मा ने बताया कि शेष बचे हुए समस्त जिला संघों के सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य



बनाये गये। इसी प्रकार सलेक्षन कमेटी के चेयरमैन पद पर जेपी भट्ट को मनोनीत किया गया। आयोजित हुई आमसभा में चूनसिंह भाटी, लोकेश सोनी, विजयसिंह शक्तावत, जेपी भट्ट, अमित शर्मा, अभिषेक शर्मा, जाकिर हुसैन, अनिल पारीक, नीलकमल जैन, दीपक सिंह, गुरूदत्त शर्मा, दिनेष बंसल, राकेष पोराणिक, राजीव द्विवेदी, हीरालाल रेगर, विनीत शर्मा, दारा सिंह, भूपेन्द्रसिंह पंवार सहित राजस्थान के करीब 25 जिलों के पदाधिकारी मौजूद थे। चुनाव के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण व दुपट्टे से स्वागत अभिनंदन किया गया। अंत में सचिव शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## QUICK BITES

### एमपीएल में लीग चरण समाप्त, सुपर-8 की तस्वीर साफ, क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का रोमांच शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) सातवें दिवस पर रोमांच और उत्साह अपने चरम पर रहा। मोदी ग्राउंड पर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सह संयोजक अर्चित मुन्द्रडा व सह खेल प्रभारी सीए अंकित लखोटिया तथा क्रिकेट खेल प्रभारी सजंय लाहोटी ने बताया की लीग चरण के अंतिम मुकाबलों के बाद अब प्रतियोगिता रोमांचक क्वार्टर फाइनल दौर में प्रवेश कर चुकी है। अब सुपर-8 (क्वार्टर फाइनल) की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः आठ टीमों ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमों में तिलक नगर, आरकेआरसी ए, प्रथिक नगर, संजय कॉलोनी ए, बसंत विहार, आजाद नगर, भोपालगंज ए व शास्त्री नगर शामिल है। अब प्रतियोगिता नॉकआउट दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां हर मुकाबला करो या मरो का होगा। क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी और फिर खिताबी मुकाबले के लिए संघर्ष करेंगी। दिनभर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। क्रिकेट खेल प्रभारी राजेन्द्र मालू, राकेश शारदा व अरूण काबरा ने बताया की टूर्नामेंट के सातवें दिन विभिन्न टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले। बल्लेबाजों ने आकर्षक शॉट्स लगाए तो वहीं गेंदबाजों ने भी सटीक गेंदबाजी से अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के पहले मुकाबले में पुराना शहर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 82 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शास्त्री नगर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम कर लिया। रोनक धूत ने बेहतरीन 51 रन बनाने के साथ 1 विकेट भी हासिल किया और मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए। दूसरे मुकाबले में आजाद नगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 105 रन बनाए। जवाब में पुर की टीम 7 विकेट पर केवल 27 रन ही बना सकी। इस तरह आजाद नगर ने 77 रन से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अंकित कालिया ने 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के तीसरे मुकाबले में भोपालगंज बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 92 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संजय कॉलोनी। की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया और टीम ने 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले हरिओम नुवाल ने 71 रन की नाबाद पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। बीती रात्रि खेले गए मुकाबले में आरकेआरसी ए ने सांगानेर को एकतरफा अंदाज में पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सांगानेर की पूरी टीम मात्र 66 रन पर सिमट गई। जवाब में आरकेआरसी ए ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य 9 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए कुलदीप राठी ने 56 रन बनाने के साथ 2 विकेट भी लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैदान पर मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य खेल प्रभारी रोशन देवपुरा व मुकेश चेचाणी ने बताया की अतिथि के रूप में समाजसेवी शिव सोडानी, सत्येन्द्र बिड़ला, ओम गटयाणी, देवेन्द्र सोमानी, प्रदीप बल्दवा, रामराय सेठिया, रामकिशन सोनी, सुशील मरोटिया, राजेन्द्र पोरवाल, महेन्द्र काकानी, केजी राठी, सत्यनारायण डाड, अभिजीत सारडा, दिनेश पेडीवाल, महावीर समदानी, राजेन्द्र प्रसाद बिड़ला, दिनेश राठी, दिनेश काबरा, बृजमोहन सोमाणी, लोकेश आगाल मौजूद रहे। सातवें दिवस के सफल आयोजन के साथ ही आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया व कार्यवाहक अध्यक्ष केदार गगरानी ने बताया की माहेश्वरी समाज के क्रिकेट प्रेमियों में नॉकआउट मुकाबलों को लेकर खासा उत्साह है। उन्होने ने सभी समाजजनों से आगामी मैचों में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की। तथा सभी खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखते हुए बेहतरीन क्रिकेट खेलने का आह्वान किया है। क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें अब क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबलों पर टिकी हैं।

### महेश नवमी महोत्सव : कैरम व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन, 190 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत उत्सव क्लब द्वारा आयोजित कैरम एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 190 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि कैरम पुरुष एकल वर्ग में प्रमोद चेचानी प्रथम, बालमुकुंद मोदी द्वितीय तथा ओमप्रकाश मालानी तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष युगल वर्ग में नितिन माहेश्वरी एवं निहाल तोषनीवाल की जोड़ी विजेता रही, जबकि सुशील मूंदड़ा व दीपक चौधरी उपविजेता तथा प्रमोद चेचानी एवं अनिल मूंदड़ा तीसरे स्थान पर रहे।

टेबल टेनिस पुरुष एकल वर्ग में श्याम मूंदड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालमुकुंद मोदी द्वितीय तथा श्याम बिड़ला तृतीय स्थान पर रहे। वहीं पुरुष युगल वर्ग में श्याम मूंदड़ा एवं श्याम बिड़ला की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में घनश्याम नुवाल एवं बालमुकुंद मोदी को पराजित कर लगातार अपना खिताब बरकरार रखा।

समापन समारोह में जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बल्दवा, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार जागेटिया सहित अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दौरान कैरम में खिलाड़ियों ने सटीक निशाने और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया, जबकि टेबल टेनिस मुकाबलों में तेज रफ्तार रैलियों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन की सफलता में प्रदीप बल्दवा, श्याम बिड़ला, ओम मालानी, कैलाश सोमानी, कैलाश अजमेरा, नरेश बाहेती, प्रमोद चेचानी एवं अनिल मूंदड़ा का विशेष सहयोग रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।